# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 02-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा त्यौहार वारावफात, विश्वकर्मा पूजा व दुर्गा पूजा के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में विशेष चेकिंग अभियान के तहत प्रमुख स्थानो पर रात्रि चेकिंग की गयी।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 01/02.09.2025 की रात्रि को जनपद के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा त्यौहार वारावफात, अनन्त चतुर्दशी तथा विश्वकर्मा पूजा के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में विशेष चेकिंग अभियान के तहत प्रमुख स्थानो पर रात्रि चेकिंग की गयी।**

**प्रेस नोट दिनांक 02.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण व मीरा चौहान थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर मयफोर्स द्वारा आज दिनांक 02.09.2025 को वाद संख्या 93/2016 धारा 41/411/413/414 भा0द0वि0 से संबन्धित एक नफर वारण्टी को ग्राम नगवा करछुलिया से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पुर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरण-**

**01.संतराम पुत्र घूरे निवासी नगवा करछुलिया थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.थानाध्यक्ष मीरा चौहान थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.हे0का0 त्रिपुरेश चौबे थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03.का0 राजाराम राजभर थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट- दिनांक 02-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना सिद्धार्थनगर व थाना मोहाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 05 सक्रिय नकबजन को गिरफ्तार कर, विभिन्न चोरी/नकबजनी की घटनाओं का सफल अनावरण किया गया।**

**◆उनके कब्जे से चोरी के जेवरात, मोटरसाइकिल व ₹ 20,000/- नकद बरामद।**

जनपद में घटित हो रही नकबजनी/चोरी की घटनाओं के अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान (IPS) क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 02.09.2025 को बांसी स्टैण्ड पर बने पिंक बूथ पर दुर्गा प्रसाद प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर मय टीम एवं रोहित उपाध्याय थानाध्यक्ष मोहाना मय टीम सभी लोग मौजूद थे तथा क्षेत्र में हो रही चोरी कि घटनाओ से सम्बन्धित थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 145/25 धारा 331(4), 305ए BNS, मुअ0संस0 160/25 धारा 331(4), 305ए, 317(2) BNS व मु0अ0सं0 165/25 धारा 331(4), 305ए BNS से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण के बारे में आपस में हमलोग बातचीत कर रहे थे कि मुखबिर खास द्वारा बताया गया कि साहब एक बिना नम्बर कि आपाची मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार है, जो भारत माता तिराहे से पहले काका पैलेस से आगे खड़े हैं, आपस में यह बात कर रहे है कि वह दोनो और आ जायें तो हमलोग किसी वाहन कि व्यवस्था कर रात्रि में ही नेपाल निकल जायेंगे। जो संदिग्ध व आपराधिक प्रवृति के लग रहे हैं। जल्दी किया जाय तो पकड़े जा सकते हैं। इस सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा भारत माता तिराहे से पहले निर्माणाधीन मकान के नीचे पहुंचकर 05 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के पास से चार अदद अंगूठी (पीली धातु), तीन अदद मांगटीका (पीली धातु) , दो अदद मक्खी (पीली धातु), दो अदद लाकिट मंगलसुत्र (पीली धातु),एक अदद नाक की कील (पीली धातु) व दो कर्धनी (सफेद धातु), एक जोडी पाजेब (सफेद धातु), तीन जोड़ी पायल (सफेद धातु), चार जोड़ी बिछिया (सफेद धातु) व 20,000 रुपये नगद व दो अदद मोबाईल ओप्पो व इनफिनिक्स कम्पनी का व एक अदद आपाची मोटरसाइकिल बिना नम्बर, चेसिस नं0 MD637GE58S2E02373 इत्यादि बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त मे धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर, आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-

01.मोहम्मद शमशाद पुत्र तेज खाँ निवासी गोपीजोत थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

02. तौफीक अहमद पुत्र असगर अली निवासी गोपीजोत थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

03. शहजाद अहमद पुत्र राजमन निवासी परसामहापात्र थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर।

04. लड्डू पुत्र विक्रम हरिजन निवासी कोरीपुर थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

05. सदरे आलम पुत्र रियासत अली निवासी भौराजोत थाना कोल्हुई जिला महाराजगंज।

## पूछताछ का विवरण-

पुलिस द्वारा अभियुक्तगण से पूछताछ किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि हमारा चोरी करने की गिरोह हैं, जो समय-समय पर दिन में घुम-घुम कर बन्द मकानो व गांव में किनारे पर बने हुए मकान को चिन्हित करके तथा रात्रि में जाकर मकानो में चोरी करते है। चोरी से मिले माल को थोड़ा –थोड़ा करके नेपाल राष्ट्र में ले जाकर बेचकर मिले पैसो को आपस में बराबर बांट लेते हैं। तथा अपने आवश्यकता व शौक की जरूरतो को पूरा करते हैं।

## बरामदगी का विवरणः-

01- चार अदद अंगूठी (पीली धातु), तीन अदद मांगटीका (पीली धातु) , दो अदद मक्खी (पीली धातु), दो अदद लाकिट मंगलसुत्र (पीली धातु), एक अदद नाक की कील (पीली धातु) व दो कर्धनी (सफेद धातु), एक जोडी पाजेब (सफेद धातु), तीन जोड़ी पायल (सफेद धातु), चार जोड़ी बिछिया (सफेद धातु) ।

02- 20,000 रुपये नकद।

03- दो अदद मोबाईल ओप्पो व इनफिनिक्स कम्पनी का।

04-एक अदद आपाची मोटरसाइकिल बिना नम्बर ,चेसिस नं0 MD637GE58S2E02373

## गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

01. दुर्गा प्रसाद प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर।

02. रोहित उपाध्याय थानाध्यक्ष मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

03. उ0नि0 ग्यासुद्दीन खाँ थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

04. उ0नि0 राहुल गुप्ता थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

05. उ0नि0 विनय कुमार सिंह थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

06. मुख्य आरक्षी संजय यादव, विनय यादव, संजय चौरसिया थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

07. का0 शुभम रावत, समर बहादुर यादव, दीपक शुक्ला, सूरज गुप्ता थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

08.का0 राजन सिंह, मनोज यादव, अक्षय गुप्ता थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट- दिनांक 02-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा समस्त थानों पर नियुक्त माननीय न्यायालय पैरोकार के साथ मीटिंग कर कार्यो एवं दायित्वों का अच्छी तरह निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।**

अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 02.09.2025 को पुलिस आफिस सिद्धार्थनगर में मानिटरिंग सेल प्रभारी तथा समस्त थानों के माननीय न्यायालय पैरोकार के साथ बैठक का आयोजन किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत सम्मन, वारंट, आदेशिकाओं की समय से शत-प्रतिशत तामिला और न्यायालय में लंबित मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर जल्द से जल्द आरोपियों को सजा दिलाए जाने के सम्बन्ध में तथा उन सभी को अपने दायित्वों का अच्छी तरह निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सभी न्यायालय पैरोकार अपने पैरवी रजिस्टर में विचाराधीन सभी अभियोगों को अवश्य अंकित करें। पैरवी कर रहे अभियोगों को अपने थाना प्रभारी को अवगत कराते रहे तथा जिन मुकदमों में गवाह कई बार से नही आ रहें हैं उसको अपने थाना प्रभारी तथा मानीटरिंग सेल को अवश्य अवगत कराकर उपस्थित करायें।

**प्रेस नोट दिनांक 02-08-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आगामी त्यौहार बारावफात, विश्वकर्मा के दृष्टिगत थानाक्षेत्र चिल्हिया के संभ्रात व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ थाना स्थानीय पर पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में पवीन प्रकाश, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आज दिनांक 02-09-2025 को थाना चिल्हिया पर आगामी त्योहारों (वारावफात, रबी-उल-अव्वल तथा विश्वकर्मा पूजा) के दृष्टिगत त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त व्यक्तियो, धर्मगुरुओं/सदस्यों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गई। सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक, त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के दृष्टिगत शासन/उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त आदेश/निर्देश से अवगत कराया गया। उपस्थित सभी लोगों की समस्याओं को भी सुना गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान रामदेव थानाध्यक्ष चिल्हिया सहित थाना चिल्हिया के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।**

**प्रेस नोट दिनांक 02.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆यातायात पुलिस द्वारा दो पहिया पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाना, गलत दिशा मे वाहन चलाना,सड़को के किनारे अवैध अतिक्रमण हटवाने आदि के विरुद्ध कार्यवाही की गयी ।**

आज दिनांक 02.09.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डा० अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम मे,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री सुजीत कुमार राय के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा साड़ी तिराहा,पावर हॉउस तिराहा,सिद्धार्थ तिराहा,पेट्रोल पम्प तिराहा एवं कस्बा बाँसी आदि स्थानों पर पी० ए० सिस्टम से आम जनमानस को जागरूक किया गया तथा शासन के मंशा के अनुरूप बाँसी-नौगढ़ स्थित पेट्रोल पम्पो पर बिना हेलमेट फ्यूल न देने के आदेश के सम्बन्ध अवगत कराते हुए बिना हेलमेट फ्यूल लेने वालो के खिलाफ M. V. Act. के तहत प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी एवं रात्रि मे दुर्घटना से बचाव हेतु वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के साथ-साथ सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े बड़े वाहनों को जिनसे दुर्घटना की प्रबल संभावना/जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी उनका M. V. Act के तहत चालान कर हटवाया गया एवं दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा चार वाहनों मे सीटबेल्ट का प्रयोग न करना, गलत दिशा मे वाहन चलाने वालो का चालान करने समेत कुल 59 वाहनों का चालान करते हुए ₹ 78,500/- रूपये शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।

**प्रेस नोट- दिनांक 02-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में त्यौहार वारावफात तथा विश्वकर्मा पूजा के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 02.09.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा त्यौहार वारावफात, अनन्त चतुर्दशी तथा विश्वकर्मा पूजा के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।**

**प्रेस नोट- दिनांक 02.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना ढेबरुआ पुलिस व SSB के साथ कस्बा बढनी मे गणेश प्रतिमा स्थलो/जुलूस एवं बरावफात जुलूस के रास्तो का भ्रमण किया गया तथा फ्लैग मार्च किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एवं गौरव सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना ढेबरुआ व चौकी प्रभारी बढनी उ0नि0 अनिरुद्ध सिंह की उपस्थिति मे मय थाना फोर्स व SSB बढ़नी के साथ कस्बा बढनी मे गणेश प्रतिमा स्थलो/जुलूस एवं बरावफात जुलूस के रास्तो का भ्रमण किया गया तथा फ्लैग मार्च किया गया तथा आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 02-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना कठेला समयमाता पर थाना क्षेत्र के स्कूलों के प्रधानाचार्य, प्रबंधकों तथा अध्यापकों के साथ बालको व बालिकाओं की सुरक्षा के सम्बंध मे थाना स्थानीय पर गोष्ठी की गयी।**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देश के अनुपालन में, डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में, पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आज दिनांक 02.09.2025 को थाना कठेला समय माता के प्रांगण में थाना क्षेत्र के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के प्रधानाचार्य, प्रबंधकों तथा अध्यापकों के साथ मीटिंग की गई जिसमें बालक व बालिकाओं के सुरक्षा तथा अन्य विषयों पर व्यापक बातचीत की गई एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर कार्य करने हेतु जागृत किया गया। प्रधानाचार्य, प्रबंधकों तथा अध्यापकों से विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियम तथा महिलाओं, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों/साइबर अपराधो तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में भी जागरुक करने हेतु बताया गया। जिससे छात्र/छात्राएं निर्भीक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ सकें। इस दौरान अभय सिंह थानाध्यक्ष कठेला समयमाता सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।